Department of Electronics & Telecomm. Engg.

Session → 2024 – 25

Subject → ~~Analog~~ Cellular optical Comm. (6th Sem)

Prepared By:-

Abhimanyu Kumar Singh

Lecturer (ET & T)

Date
Page

Source –

(I) Javatpoint.com → website

(II) Mobile Cellular Telecomm. Systems - William.C.Y.Lee

(III) Mobile Comm. Jochen Schiller

(IV) Fundamental of optical fibre Communication - M.Sathish kumar

(V) Optical fibre Communication - gerd keiser

Sem:- 6th

Date 5/4/22

# Cellular and optical Communication

## Unit-I :- Introduction to mobile Comm.

### Evalution of mobile Radio Communication —

#### 1st Generation Cellular System :—

1970 में mobile radio system में 800/900 MHZ band में उचित मूल्य में Radio technology का विकास प्रारंभ हुआ। 1976 में World Allocation Radio Conference (WARC) में cellular telephones के लिए 800/900 MHZ band में Signal को transmit एवं receive करने के लिए Standards बनाये गए। 1980 में बहुत सारे से देशों ने frequency division multiple Access (FDMA) एवं Analog FM technology की मदद से first Generation Cellular systems को प्रारंभ किया।
1979 में पहला Analog cellular System, Nippon Telephone and Telegraph (NTT) प्रारंभ हुआ।
इस cellular System में transmitter एवं receiver की frequency में 45 MHZ का अंतर रखा गया।

#### 2nd Generation cellular system :—

Second generation Digital cellular System को विश्व के अलग-अलग हिस्से में विकसित किया गया जिसमें से GSM/DCS 1800/PCS 1900 को Europe में, PDC Standard को Japan, IS 54 एवं IS-95 Standard को US में विकसित किया गया।

GSM / DCS 1800 / PCS 1900 :- यूरोपियन देशों में Roaming के कारण 2nd generation digital cellular system का विकास किया गया। GSM (Global system for mobile communication) को अलग frequency ~~पर कार्य~~ allocate किया गया जिससे voice की Quality में सुधार, पूरे Europe में roaming free एवं यह data service को भी support करता था।
GSM को 1992 में प्रारंभ किया गया जोकि world's first digital cellular system था। GSM में TDMA एवं GMSK (Gaussian minimum shift keying) का उपयोग हुआ

3rd Generation Cellular Systems :-

मार्च 1992 में WARC ने IMT - 2000 (International mobile telephone in year 2000) को 1885 - 2200 MHz frequency band में allocate किया। IMT - 2000 standard को International telecommunication Union radio communication (ITU - R) एवं Telecommunication Sector ने मिलाकर विकसित किया। IMT 2000 standard को बनाने के मुख्य उद्देश्य :-

(i) Wireless network जोकि voice, multimedia एवं High speed data communication प्रदान करता है।

(ii) IMT 2000 में wireless wide band packet switch Data Service का उपयोग किया गया जिसकी मदद से 2Mb/s internet speed प्राप्त किया गया।

# Principles of IMT 2000 :—

(i) Terminal एवं Personal Mobility with universal access एवं World wide Roaming

(ii) Expanded Range of Services को दो phase में start किया गया। पहले phase में packet switch multimedia एवं circuit switch को 144Kb/s से 2Mb/s की data rate प्राप्त हुई। phase 2 में 20Mb/s की Data rate प्राप्त हुई जिसके कारण web browsing, file transfer, email, Video Conferencing जैसी services आरंभ हो गयी।

(iii) Call waiting, Caller ID, Store, Call forward जैसे Supplymentory Services भी उपयोग होने लगी।

(iv) Paging, Cellular & Satellite network के लिए Common band का उपयोग प्रारंभ हुआ।

(v) IMT-2000 के लिए 10 अलग multiple access का उपयोग किया गया जिसमें से 2 TDMA based एवं 8 CDMA (Code Division multiple access) based थे। इसी समय GSM एवं IS-136 family को मिलाकर Enhanced GSM air interface को विकसित किया गया जिसे EDGE (Enhanced Data Global evolution) कहते हैं। EDGE को 3G (3rd Generation) के लिए Use किया गया।

## 4th generation :- (4G) :-

3G UMTS का successor 4G LTE (long term evolution) था जिसे mobile telecommunication में और evolution के लिए लाया गया।
4G LTE system की मदद से High data speed, cellular services के performance में सुधार एवं सस्ती सुविधा लोगों को प्राप्त हुई। LTE system में निम्नलिखित मुख्य technology को use किया गया। —

(I) OFDM (Orthogonal frequency division Multiplex):- इस multiplexing के उपयोग से ~~high data rate के साथ - साथ~~ reflections एवं interference के कारण signal के strength के घटने के बावजूद high data rate प्रदान करता है।

(II) MIMO (multiple input multiple Output) :- पहले multiple path के कारण multiple signal आ जाते थे और interference पैदा करते थे परन्तु MIMO system की मदद से system का throughput बढ़ाया जा सकता है।

4G LTE की मदद से fast data connectivity प्रारंभ हुई।

## 5G (5th generation) :-

5G generation की मदद से ~~high~~ पुराने generation से अच्छा performance प्राप्त होगा। 5G technology न केवल पुराने generation का advance रूप होगा

बल्कि सर्वव्यापी एवं Secure होगा।

5G technology में Internet of things (IoT) का उपयोग किया गया है। 5G बहुत flexible system है जिसमें wide range of applications आते हैं।

5G technology में data rate बहुत high होने के साथ-साथ latency भी negligible है। इसलिए 5G technology का उपयोग निम्न कुछ application में हो रहा है—

(i) Autonomous Vehicles की मदद से safe transport को बढ़ावा दिया जा रहा है।
(ii) एक experienced surgeon दूर से 5G technology की मदद से जटिल surgery कर रहा है।

5G technology में OFDM modulation का उपयोग हो रहा है। अभी 5G mobile communication के implementation में millimeter-wave communication का उपयोग नहीं हो रहा है क्योंकि large coverage देने के लिए बहुत सारे base stations की आवश्यकता होगी जिससे 5G technology की cost बढ़ जाएगी। इसी problem को solve करने के लिए new technology mm wave को develop किया जा रहा है।

Definition of basic terms used in mobile Comm..

(i) Cell :- Antenna के द्वारा overall coverage area को small part में बाँटा जाता है जिसे हम Cell कहते हैं। प्रत्येक Cell के मध्य में base station होता है। base station और cell के edge के बीच में बहुत सारे subscriber होते हैं।

(ii) Subscriber :- (post-paid + Prepaid)

वैसे Users जोकि portable mobile की मदद से cellular technology का उपयोग करते हैं, Subscriber कहलाते हैं।

Post-paid Service — Use the Service than pay
prepaid — pay than use the Service

(iii) Transceiver :-

Transmitter एवं Receiver के combination को transceiver कहते हैं।

Radio Communication में transceiver दो तरीके से काम करता है —

(i) Half-Duplex transceivers :- यह System एक समय पर transmit एवं receive नहीं करता है। इसमें electronic switch से transmitter एवं receiver एक साथ connected रहते हैं।

(ii) Full duplex transceivers :- इस System में

Radio transmitter एवं receiver parallel में कार्य करते हैं। Transmission एवं reception दो अलग frequency पर होता है।

III

(IV) Mobile Station (MS) :— यह User के सभी equipment जैसे की mobile phone, SIM card एवं GSM network से communicate के लिए लगने वाले Software का Combination होता है।
Mobile Station user के साथ information को communicate करता है एवं Base Station (BS) से communicate करने के लिए air ~~infof~~ interface transmission protocol में convert करता है।

मुख्यतः MS चार component से मिलकर बना होता है —
(I) Mobile terminal (MT)
(II) Mobile equipment (ME)
(III) Terminal adapter (MA)
(IV) Subscriber Identity Module (SIM)
SIM GSM telephone Subscriber का data store करता है।

(V) Base Station (BS) :—
ऐसे Network element जिसकी मदद से Mobile को connect किया जाता है, Base Station कहलाता है।
Base Station का मुख्य काम mobile unit के लिए

air interface प्रदान करता है। Base Station Call processing, Signalling, maintenance एवं diagnostics का काम भी करता है।




(vi) **Mobile Switching Center (MSC) :—**

यह एक Telephone exchange है जो कि ~~mobile users एवं network के बीच में~~ mobile users के बीच में connection बनाता है।

MSC wireless switch का hardware part होता है। MSC की मदद से registration में मदद एवं mobile stations के बीच में connection बनाने में मदद मिलता है।

Terms :—

- MS :— Mobile Station
- MSC :— Mobile Switching Centre
- BSC :— Base Station Controller
- BTS :— Base Transceiver System
- VLR :— Visitor Location Register
- AUC :— Authentication Centre




HLR - Home location Register
EIR - Equipment Identity Register
PSTN - Public Switching Telephone Network.

(VII) Hand off :— वैसा process जिसमें एक Base station से connection टूटने के बावजूद, बिना network breakdown के दूसरे Base station से connection को Handoff कहते हैं।

(VIII) Mobile Communication frequency band :—

2nd Generation Mobile (2G) → 900 MHz एवं 1800 MHz पर काम करता है।

3rd Generation Mobile network (3G) मुख्यतः 900 MHz एवं 2100 MHz frequency पर काम करता है।

4th Generation Mobile network (4G) मुख्यतः 1800 MHz, 850 MHz, 2300 MHz पर कार्य करती है।

• Block diagram of Mobile phone handset :—
(www.techplayon.com)

Mobile phone में मुख्यतः display unit (LCD, touch screen), keypad, Microphone, Speaker, SIM Cards, battery, USB port, Antenna, Memory unit (RAM, ROM), Camera, CODEC, RF part, DAC/ADC, baseband part होते हैं।

(1) RF part :— प्रत्येक phone में RF part होता है, जोकि frequency upconverter एवं frequency downconverter बहुत सारे Analog filters, digital attenuator, driver amplifier को मिलाकर बना होता है। Frequency Conversion करने के लिए mixer का उपयोग करते हैं। Analog filters की मदद से desirable band के Signal pass होते हैं। Amplifier की मदद से Signal का Power level को बढ़ाया जाता




Block diagram of Mobile phone handset

Date
Page

(ii) Baseband part :- Baseband part में Digital Signal processing (DSP) का उपयोग होता है। जोकि transmitted or received voice data को process करता है। Mobile में यह मुख्य अवयव है जो Data को GSM, HSPA, LTE और air interface में convert करता है। Speech/Audio data को Codec की मदद से compress एवं decompress करते हैं।

(iii) ADC & DAC :- ADC (Analog to Digital Converter) का मुख्य कार्य analog signal को digital signal में convert करना है।

DAC (Digital to Analog converter) का मुख्य कार्य digital signal को Analog Signal में convert करना है।

(iv) RF Switch / Duplexer :- RF Switch का उपयोग TDD configuration में होता है, जिसकी मदद से transmit chain एवं receiver chain के बिच में change होता रहता है।

(v) Camera :- Camera की मदद से अलग-अलग अवसरों पर picture click करते हैं। mobile phone के cost को बढ़ाने में camera का बढ़ा हाथ है। Mobile phone के लिए अलग-अलग तरह के camera जैसे की 5 mega pixel, 13 mega pixel, 41 mega pixel camera, आने लगे हैं।

Mobile phone camera में आजकल मुख्यतः CMOS active-pixel image sensor का उपयोग होता है। आजकल mobile camera में बहुत advance features आ गये हैं जिनमें —

(a) Zooming :- बिना picture Quality में loss हुए picture को ~~zoom~~ बड़ा करना ही Zooming कहलाता है। Ex- Huawei P30 pro ~~cam~~ phone का camera ~~digi~~ 10x digital zoom कर सकता है।

(b) Image format :- Mobile phone में Generally image JPEG formate में save होता है। परन्तु नये advance mobile phone में HDR, BOKEH mode feature add हो गये हैं। (High Dynamic range)
BOKEH mode का मतलब picture के background के image को Blur करना होता है।

(c) Night mode
(d) Slow motion picture
(e) Time lapse.
(f) panoramic ~~v~~ view :- एक frame में complete ~~s~~ surrounding को capture करता है।

(VI) Display :- mobile phone में विभिन्न प्रकार के mobile display का उपयोग होता है। ये colour या monochrome हो सकते हैं। Colour display में मुख्यतः CSTN, TFT, TFD or OLED ~~a~~ display का उपयोग होता है। अभी के mobile phones में TFT

Thin film Transistor

display का उपयोग होता है। TFT display में resistive एवं capacitive touchscreen का उपयोग होता है। Capacitive touchscreen, मानव शरीर के electrical properties को sense करके कार्य करता है जबकि resistive touchscreen में user के द्वारा direct pressure के द्वारा काम करता है।

geeksforgeeks.com) TFT LCD panel, LCD panel में सबसे सस्ता है। इस display में, प्रत्येक pixel cap, एक capacitor एवं transistor से attach होता है। सस्ते mobile phones में TFT LCD panel का ही उपयोग होता है।

LED (Light emitting diode):- LED display के मुख्य advantage है:—

(a) बहुत कम power consume करता है।
(b) Colour reproduction बहुत अच्छा होता है।
(c) Best viewing angle.
(d) Aspect ratio के लिए कोई limitation नहीं होता है।
(e) Better contrast level.
(f) Best sunlight visibility
(g) True black colors.

Type of LED :—

(a) OLED → patent by LG.
(b) AMOLED patent by Samsung.

OLED (Organic light emitting diode) में दो conductor के बीच में organic thin film को series में connect करते हैं। जब current apply करते हैं तो light emit होता है, और यह LCD से ज्यादा efficient

होता है।

AMOLED -( Active Matrix Organic Light emitting diode) :- इसमें प्रत्येक Pixel LED bulb की तरह कार्य करते हैं और इसके कारण backlighting की आवश्यकता नहीं होती है। इस technology में black colour के आने पर Pixel के द्वारा projecting light को बंद कर देता है जिससे black colour true black colour दिखता है। इससे power saving भी होता है।
AMOLED में Glass एवं touch Sensor के बिच में Gap होता है, जबकी Super AMOLED में Glass एवं ~~touch~~ touch Sensor के बिच में कोई Gap नहीं होता है।

(VII) Microphone :- Microphone air pressure variation को electrical Signal में convert करता है। Mobile phone में normally Condenser, dynamic, Carbon or ribbon type के microphone का उपयोग किया जाता है।

(VIII) Speaker :- यह electrical Signal को audible Signal में Convert करता है, जिससे यह आसानी से सुना जा सकता है। Speaker को audio amplifier के साथ use करते हैं जोकि audio Signal को amplify करता है। volume Control Circuit की मदद से volume को घटाया या बढ़ाया जाता है।

(IX) Antenna :- Antenna electromagnetic radiation को electrical signal में convert करता है एवं इसके विपरीत electrical signal को electromagnetic radiation में भी convert करता है। Mobile phone में antenna mobile के अंदर रहता है।

(X) Connectivity (wifi, Bluetooth, USB, GPS):

Mobile एवं Computer के बीच में Data transfer को fast करने के लिए wifi, Bluetooth, USB (universal ~~System~~ Serial Bus) की मदद ली जाती है। Google map एवं device का location पता करने के लिए GPS (Global positioning System) का उपयोग किया जाता है।

(XI) Sensors :- Sensor एक transducer होता है जो कि आसपास के environment की characteristic को sense करता है। यह environment के change को detect करके electrical or optical form में processor को भेजता है। Mobile में बहुत सारे sensor का उपयोग होता है जैसे की - Accelerometer, Magnetometer, proximity sensor, light sensor, barometer, padometer, thermometer, etc.

## Mobile Cellphone Battery Charging Circuit:-

Battery chargers में timer based, intelligent, universal battery charger – analyzer, fast, pulse, inductive, USB based, Solar chargers and motion powered chargers होते हैं। Mobile phone battery chargers application based बनाये जाते हैं जैसे की mobile phone charger, battery charger for vehicles, electric vehicle batteries chargers, charge stations etc.

Charging methods को दो भागों में बाँटा गया है —

(i) Fast charge method

(ii) Slow charge method.

दो या दो से ~~ज्यादा~~ कम समय में charging करने वाले method को fast charge method कहते हैं।

## Auto-turn off Battery Charger:-

Battery के full charge होने पर battery automatically mains से ~~discharge~~ disconnect हो जाता है। इस circuit में AC-DC converter, relay drivers एवं charge stations भी होते हैं।

Description:- AC-DC Converter section में, AC supply को 9V AC, ~~75mA current~~ voltage में transformer की मदद से step down करते हैं। Full wave rectifier की मदद से voltage को rectified करते हैं। Regulator की मदद से 12V charging voltage को $S_1$ switch की मदद से

किया जाता है। जैसे ही 12V voltage circuit में जाता है, Charging Start हो जाती है एवं LED जलना चालू कर देता है।

SIM Card :- (Subscriber Identification module)

Mobile phone में Connection एवं Server System से connection करने के लिए SIM का उपयोग किया जाता है। SIM Card में integrated circuit की मदद से International Mobile Subscriber Identity (IMSI) and identity key को store करते हैं जिससे कि communication Channel में Subscriber की पहचान की जा सके। SIM Smart phone में लगे होते हैं जिसे remove करके दूसरे phone में लगाया जा सकता है। पहला SIM Card 1991 में Giesecke और Devrient ने बनाया था।

SIM Card में मुख्यतः :-

(i) एक Unique Serial number होता है जिसे ICCID (Integrated circuit card Identification Number) कहते हैं।
(ii) IMSI (International mobile subscriber Identity
(iii) Security Authentication information
(iv) Temporary information about network
(v) A personal Identification number (PIN)
(vi) personal Unblocking Code (PUK)

SIM Card में internal memory होता है जिसमें data, personal, financial information, identity for GSM / CDMA के बारे में जानकारी होती है।
SIM 32 KB से लेकर 128 KB के Range।

वाली data capacity range में आते हैं।

Keys of SIM Cards :—

(i) Integrated Circuit Card Identifier or ICCID :— यह 19 digit का primary account होता है। इस number में Issuer Identification number (IIN), individual account Identification, Check digit आदि के section होते हैं।

(ii) International Mobile Subscriber Identity (IMSI) :— इसके द्वारा प्रत्येक operator का network को पहचानता है। इसमें 109 digit होते हैं। इसके first 3 digit Mobile Country Code (MCC), next 2 to 3 digit Mobile network code (MNC), next digits Mobile Subscriber Identification number (MSIN) होता है।

(iii) Authentication Key or Ki :— Mobile network पर 128 bit का authentication of SIM card के लिए उपयोग किया जाता है। Personalisation के दौरान प्रत्येक SIM को unique authentication key प्रदान किया जाता है। Carrier Network के database में Authentication key को store किया जाता है। जब SIM card की मदद से mobile phone को पहली बार Activate किया जाता है, तो इसे IMSI प्राप्त होता है जिसे operator के पास authentication के लिए भेजा जाता है। Operating System का database incoming IMSI एवं Authentication key का data को ~~sera~~ search करता है। Operator database एक Random

Number or RAND generate करता है और IMSI number के साथ sign करके एक अलग number प्रदान करता है जिसे Signed Response 1 (SRES_1) कहते हैं। RAND को mobile phone एवं SIM पर भेजते हैं Authentication Key के साथ भेजते हैं जिससे SRES_2 produce होता है जो operator में pass होता है।
Operator network SRES_1 एवं SRES_2 को Compare करता है यदि दोनों Key match हो जाते हैं तो SIM authenticate हो जाता है।

(iv) Location Area Identity (LAI):- Local area के बारे में information SIM में store रहता है। Operator network को small area में बाँटा जाता है जिसका अपना LAI होता है।

Function of SIM card:-

(i) Subscriber को पहचानना।
(ii) Subscriber को Authenticate करना।
(iii) SMS एवं phone number को Store करना।
(iv)

Type of SIM Card:-

(i) GSM
(ii) CDMA

# Unit - 2

## Cellular Concepts :-

### Basic cellular System :-




Basic Mobile telephone Service Network

Cells, एक small geographical area है जिन्हें hexagonal से दर्शाते हैं| एक base station है जो ~~हर क्षेत्र में एक Base Station होता है~~

Types of cell :-

(1) Macro Cells :- इन Cells का उपयोग दूर दराज वाले

वाले इलाकों में होता है। इनकी size 10 Km diameter की हो सकती है।

(ii) Micro cells :- इन Cells को normally बहुत ज्यादा population वाले area में उपयोग किया जाता है। इनके Cell का diameter 1 Km तक होती है।

(iii) Pico Cells :- इन Cells की मदद से बहुत छोटे area जैसे की एक Building, एक सुरंग जहाँ बड़े Cell से Coverage नहीं मिल पाता है वहाँ use किया जाता है।

(iv) Selective Cells :- कभी-कभी किसी स्थान पर Coverage की 360° Coverage की आवश्यकता नहीं होती है तो Selective Cells का उपयोग किया जाता है।

(v) Umbrella Cells :- वैसे जगह जहाँ बहुत सारे Microcells के कारण Connectivity issue आती है तो Umbrella cells का उपयोग करते हैं।



(geeksforgeeks.com)

**Frequency Reuse :-** इस Scheme के तहत Coverage region में frequency का Channels का allocation एवं reuse करते हैं। प्रत्येक cellular base station को कुछ frequencies allocate की जाती हैं जिसकी मदद से उस cell में communication होता है।

**Frequency reuse के मुख्य features :-**

(i) इसकी मदद से Spectral efficiency & Signal Quality अच्छी होती है।

(ii) frequency reuse interference को भी रोकता है।

(iii) .




Same letter वाले cell same frequency का उपयोग करते हैं।

Total number of channels (S) = KN

K = Channel allocated to each cell
N = Total number of cells or cluster size

Frequency reuse factor $= \frac{1}{N}$

उपरोक्त diagram में cluster size 7 है (A, B, C, D, E, F, G).

∴ frequency reuse factor $= \frac{1}{7}$.

Number of Cluster (N) $= I^2 + J^2 + J \cdot I$

जहाँ $I, J = 0, 1, 2, 3 \ldots$

∴ $N = 1, 3, 4, 7, 9, 12, 13, 16, 19 \ldots$

Frequency reuse में बहुत सारे cells same frequency का उपयोग करते हैं। इन cells को Co-channel cells कहते हैं। इन co-channel cells के कारण interference होता है। अतः cells के बीच में interference न हो इसके लिए cells को large distance से अलग किया जाता है। दो co-channel के बीच के distance को निम्नलिखित formulae द्वारा ज्ञात करते हैं।

$$D = R(3N)^{1/2}$$

R = Radius of cell

N = number of cells in given Cluster.

यदि सभी cell same power को transmit करते हैं तो N भी increase करता है और frequency reuse Distance (D) भी increase करता है।

Frequency reuse concept को time domain एवं
Space ~~frequency~~ domain में प्रयोग कर सकते हैं।

Same frequency को अलग-अलग time slot
में use करना ही Time division multiplexing
(TDM) कहते हैं।

Space domain में frequency reuse दो तरीके से
किया जाता है —

(i) दो अलग geographical area में same
frequency को assign किया जाता है।

(ii) एक system में same frequency को बार-बार
एक area में use करते हैं।

# Hand off :-

Call के दौरान एक cellular network में Handoff वह process होता है जहाँ active call या data session एक cellular network से दूसरे cell में बिना किसी रुकावट के चला जाता है।




## Situation for triggering Handoff :-

(i) यदि कोई subscriber एक cell से दूसरे cell में चला जाता है तो Handoff या Handover trigger हो जाता है।

(ii) प्रत्येक cell की ~~अपनी~~ fix call handling capacity होती है। यदि कोई cell में maximum number of user हो जाते हैं तो भी Handoff trigger हो जाता है। वैसे subscriber को बगल वाले cell frequency की मदद से ~~call~~ communication करने दिया जाता है।

(iii) Cells को microcells में विभाजित करते हैं। जब कोई cell से small cell या छोटा सेल में call transfer होता है तो Handoff हो जाता है।

(iv) यदि Calls के बिच में Interference होने पर भी Handoff हो जाता है।

## Type of Handoff :-

(1) **Hard Handoff :-** इस Handoff में एक cell से दूसरे cell में switching के दौरान call connection टूट जाता है। इसे Inter-frequency Handoff भी कहते हैं। Hard Handoff "Break before Make" policy को follow करता है।

- Connection Quality भी खराब होती है। used in TDM & FDM में उपयोग होता है। (ii) यह soft handoff की तुलना में सस्ता होता है।

(ii) more efficient than soft handoff

(iii) कभी-कभी switching के दौरान delay experience करते हैं।

(II) **Soft Handoff :-** इस Handoff में कम से कम एक Radio link के द्वारा call connection को जोड़ रखते हैं जब user एक cell से दूसरे cell में जाता है। Soft Handoff "Make before break" policy पर काम करता है।






23421581

Date ____
Page ____

# Algorithms of Handoff :-

(1) Mobile Assisted Handoff :- (MAHO) :-

इस technique में mobile station की मदद से Base Station Controller (BSC) से दूसरे BSC में call transfer करने के ~~लिए~~ लिए assist करता है।

इस System का उपयोग GSM ~~mobile~~ Cellular network में होता है।

MAHO एक समाधान है जिसका उद्देश्य Handover प्रक्रिया में सहायता के लिए mobile उपकरणों का उपयोग करके इन मुद्दों का समाधान करना है। Handover करने के सर्वोत्तम समय निर्धारित करने में सहायता के लिए MAHO नेटवर्क में अन्य mobile उपकरणों से ~~सि~~ Signal का उपयोग करके इस समस्या का समाधान करना है।

MAHO के पीछे मूल विचार यह है कि network में Mobile device network environment के बारे में जानकारी का आदान-प्रदान करने के लिए एक दूसरे के साथ संवाद कर सकते हैं। इस जानकारी में Signal की Strength, interference and Other factor हो सकते हैं। इस जानकारी को साझा करके, Mobile device Handover process को बेहतर बनाने एवं बेहतर उपयोगकर्ता अनुभव प्रदान करने में मदद मिलती है।

## Advantages of MAHO :-

(i) Handover process की सटीकता में सुधार करता है।

(ii) MAHO process की मदद से call drop की संख्या कम की जा सकती है एवं Call की Quality में सुधार लाया जा सकता है।

(31)

MAHO को Wireless Communication में दो तरीकों से implement कर सकते हैं —

(I) एक dedicated MAHO Server का उपयोग करके hardover प्रक्रिया का प्रबंधन करता है। MAHO सर्वर नेटवर्क में mobile devices से जानकारी एकत्र करता है एवं उसी जानकारी का उपयोग hardover के निर्णय लेने के लिए करता है।

(II) Another method में MAHO को लागू करने के लिए Peer-2-Peer (P2P) architecture का use किया जाता है। इसमें network में mobile device network environment के बारे में जानकारी का आदान-प्रदान करने के लिए एक दूसरे के साथ सीधे संवाद करते हैं। Every mobile device Hardover से संबंधित निर्णय लेने के लिए इस जानकारी का उपयोग करता है।

- Queuing Handoff :— Two-threshold-level handoff से ज्यादा कारगर होता है। यदि नया cell site busy होता है तो MSO calls को reject करने के बजाय calls को Queue में रखता है। MSO पर सभी calls को handoff का request bundle में आने पर ही queuing scheme effective होता है।

- Umbrella Cell approch :—

इस approch में same cell के लिए दो cells i.e large cells and small cells का उपयोग होता है। Umbrella cell के antenna की height एवं power level small cell से ज्यादा होता है। Umbrella cell approch की मदद से high speed users को भी बिना किसी network break के connection provide किया जाता है। Umbrella cell की मदद से high speed user में minimum handoff एवं ~~रोड़ पर~~ चलने वाले users को additional microcell provide करता है।




- Proper & Improper handoff :—

## (a) Impooper handoff Situation:—




## (b) Prooper handoff Situation:—




Generally ऐसा System develope किया जाता है जहाँ Handoff successfully एवं विश्वसनिय तरीके से संपन्न हो। इसके लिए operator designer, optimum signal level देता है जहाँ handoff initiate हो सके।

Generally −90 dBm से −100 dBm के voice signal को threshold level बनाया जाता है। इस margin को निम्नलिखित equation के माध्यम से दर्शाया जाता है।

$$\Delta = P_{r\,handoff} - P_{r\,minimum\ usable}.$$

Δ large होगा तो unnecessary handoff होगा जिससे MSC पर भार बढ़ेगा।

Δ Small होगा तो handoff के लिए बहुत कम समय मिलेगा और call lost हो सकता है।

mischa Schwartz * mobile wireless communications

## Cochannel Interference :-

Type of Interference जहाँ Same frequency वाले Channel Cells के बीच में interference होने लगता है, Cochannel Interference कहलाता है।

Cochannel interference को जानने के लिए तीन प्रकार के channel का उपयोग करते हैं। Channel 1 जिसे जो frequency ($f_1$) पर काम करता है, जहाँ कोई cochannel interference नहीं है। Channel $f_2$ interference level को मापने का कार्य करता है। तीसरा channel $f_3$ की मदद से noise level को मापते हैं।

$$C/I = f_2 - f_1$$

$$\frac{C}{N} = f_3 - f_2$$

four Conditions -

(i) $C/I > 18dB$, throughout the cell, cell properly designed.

(ii) $C/I < 18dB$, $C/N > 18dB$ in some area, Cochannel interference का problem.

(iii) दोनों $C/I$ एवं $C/N < 18dB$ होगी एवं $C/I \simeq C/N$ तो उस area में coverage of

समस्या है।

(iv) यदि दोनों $C/N$ एवं $C/I$ < 18 dB एवं $C/N > C/I$ है तो Coverage problem एवं Cochannel interference है।




Cochannel Interference at Mobile unit

**Reduction of Cochannel Interference :-**

(1) Cochannel interference को कम करना एक कठिन कार्य है।

(i) Base station पर directional antenna का उपयोग करने पर cochannel interference को कम किया जा सकता है।

(ii) Parasitic element का उपयोग करने पर भी Interference को कम किया जा सकता है।



One-quarter. Wavelength Spacing

One-half. Wavelength Spacing

Combination of (a) & (b)

Adjacent Channel Interference:— वैसे Signals जिनकी frequency desired signal के बहुत close होती है, वे adjacent Channel Interference Cause करते हैं।

Imperfect receiver filters के कारण adjacent Channel interference उत्पन्न होता है।

Adjacent Channel Interference निम्नलिखित तरीकों से उत्पन्न होता है—

(i) Next Channel Interference:— एक particular mobile station पर दूसरे cell के signal के द्वारा भी affect पड़ सकता है। System को properly design नहीं करने पर यह problem उत्पन्न होती है।

(ii) Neighboring-channel Interference:— अगल-बगल के channel के कारण भी adjacent

channel interface हो सकता है। इस problem को बचने के लिए channels के बीच में बड़ा isolation band प्रदान करना चाहिए।

(iii) Near-End-far-End Interference :-
एक cell में Motor vehicles एक जगह से दूसरे जगह move करते रहते हैं। यदि mobile unit BS के नजदीक है तो उसे Strong Signal प्राप्त होगा। इस Situation में Near-End-far-End interference होगा।

Near-end-far-end interference को Narrow filter की मदद से frequency separation करके कम किया जा सकता है।




Example
$d_0 = 10$ miles
$d_1 = 0.25$ miles
$T_{x_0}$ = The desired Signal
$T_{x_1}$ = Interferred Signal

Near-end-far-end ratio interference

$$\frac{C}{I} = \left(\frac{d_0}{d_I}\right)^{-\gamma}$$

$\gamma$ is path-loss slope. Here $\gamma = 4$

$$\therefore \frac{C}{I} = \left(\frac{d_0}{d_I}\right)^{-4}$$

$$\frac{C}{I} = -64 dB.$$

इसका मतलब interference, desired signal से 64dB ज्यादा है। ऐसे interference को narrow filters के द्वारा frequency separation करके कम किया जा सकता है।

• Improving Coverage & Capacity in Cellular System

जैसे-जैसे users की संख्या में वृद्धि होगी channel की Capacity भी कम होती है। इसलिए Coverage एवं Cellular System की Capacity को बढ़ाने के दो method हैं—

(1) Cell Splitting :— इस Method के द्वारा भीड़-भाड़ वाले cells को smaller cells में विभक्त करते हैं। प्रत्येक small cell का अपना base station साथ-साथ होता है। प्रत्येक cell में antenna height एवं ~~tran.~~ transmitted power को भी कम किया जाता है। एक Large Macro cell को micro cells में split करने से cellular channel की Capacity improve होती है।



Cell splitting technique :—

(i) permanent splitting :— किसी cell को permanently microcells में विभाजित करना ही permanent splitting कहलाता है। इस cell splitting को handle करना आसान है यदि low traffic हो तो।

(ii) Real-time Splitting (dynamic Splitting) :— ~~कभी कभी~~ football match के बाद traffic jam, accident के बाद traffic jam या अन्य कारणों से एक छोटे जगह पर कुछ समय में cell traffic capacity बढ़ जाती है तो Real time splitting की मदद से cell की capacity को increase किया जाता है।

Effect of Cell Splitting :—

(i) Cell splitting के कारण पड़ोसी cells affect होते हैं। Splitting के कारण power and frequency reuse distance में unbalance पैदा हो जाता है।

(ii) कुछ frequencies को barrier के तौर पर उपयोग करना पड़ता है।



Cell Sectoring :- किसी cell को sectoring करने के लिए Omnidirectional antenna को बहुत सारे directional antenna की मदद से ~~बाँटते हैं~~ | बिना radius change किये हुए बाँटते हैं |

Advantages of cell sectoring :-

(i) Co-channel interference को हटाने में |

(ii) Capacity को increase करने में मदद करता है |

प्रत्येक sector को एक cell की भाँति माना जा सकता है, जिसका अपना frequency है |



Omni




120° sector




120° sector (altern




90° sector




60° sector

Cell को ~~को~~ मुख्यतः दो प्रकार से sectoring करते हैं

(a) 120° sectoring (b) 60° sectoring

120° sectoring में तीन directional antenna को रखते हैं जिनका coverage 120° होता है |

इन antenna को या तो hexagonal cell के corner पर या centre पर रखते हैं |

60° sectoring में 6 directional antenna को hexagonal के छः corners पर रखते हैं।
Cell sectoring, Cell splitting से कम खर्चीला होता है।

# Unit - 3

## Cellular Network Standards :—

### (I) Global System for mobile (GSM) :-

European Group ने GSM System को develop किया। GSM की मदद से दो Objective को पूरा किया गया :—

(a) Pan- Europe Roaming

(b) Interaction with the Integrated Service digital Network (ISDN). जिसकी मदद से Single Subscriber Line System को multiservice System में Convert किया गया।

### GSM architecture :—

GSM Consists of many Subsystem :—

(a) Mobile Station (MS).
(b) Base Station Sub System (BSS).
(c) Network & Switching subsystem (NSS).
(d) Operation Subsystem (OSS).




GSM Architecture

Date ______
Page ______

(I) Mobile Station :- Mobile Station Mobile equipment एवं Subscriber Identity Module (SIM) से मिलकर बना होता है। SIM प्रत्येक subscriber को दिये जाते हैं जहाँ subscriber से related data store रहता है।

(II) Base Station Subsystem :- BSS radio signal के माध्यम से MS से एवं दूसरे side से NSS से भी जुड़ा होता है। BSS mainly Base transceiver station (BTS) एवं Base station Controller से मिलकर बना होता है।
BTS में transmitter and receiver equipment लगे होते हैं। A transcoder rate adaption Unit (TRAU) की मदद से encoding, speech decoding एवं transmitting data का data rate को पहचाना जाता है।

GSM, open system Interconnection (OSI) model पर काम करता है। OSI पर based 3 common interface है —
(I) A common radio interface called air interface b/w MS & BTS.
(II) An interface A between the MSC & BSC.
(III) An A-bis interface b/w BTS and BSC.




external environment of BSS.

## (III) Work & Switching Subsystem :—




NSS & its external environment




NSS architecture internal ~~environment~~ Structure

GSM एक intelligent network (IN) का उपयोग करता है। NSS मुख्यतः GSM users एवं other

telecommunication users के बीच में manage करता है। NSS management मुख्यतः निम्नलिखित Component को Consist करता है:—

(a) Mobile Service Switching Center:— (MSC)
GSM users से to and from calls को setup करने का काम करता है। MSC बहुत सारे BSC को Control करता है।

(b) Interworking function (IWF):— इसकी मदद से ~~GSM~~ MSC external networks से communicate करता है। External network outside GSM से Communicate करने के लिए packet - switched public data Network (PSPDN) और circuit - switch public data network (CSPDN) की मदद ली जाती है।

(c) Home location Register (HLR):— यह एक Computer होता है जिसमें switching Capabilities, नहीं होती है। यह subscriber के data base information ~~subscriber~~ Current location, की जानकारी रखता है। HLR का subdivision Authentication Center (AUC) होता है। AUC subscriber का security data को Manage करता है। दूसरा ~~8~~ HLR का subdivision equipment identity Register (EIR) होता है जो mobile equipment से related data को store करता है।

(d) Visitor Location Register (VLR):— यह एक एसा रहता है। उससे अधिक MSC से Connected रहता है। यह Temporarily subscription data एवं किस MSC

के द्वारा connected है की जानकारी रखता है।
VLR, HLR से ज्यादा ~~VLR~~ current subscriber location information को store करके रखता है।

(e) Gateway MSC (GMSC) :- किसी call को setup करने से पहले call Gateway MSC को भेजा जाता है जो की directory से correct HLR की जानकारी प्रदान करता है। GMSC external network से gatewaying होता है एवं network full signalling system 7 (SS7) पर operate करता है।

(f) Signalling transfer point (STP) :- NSS function का standalone node होता है। STP signalling transport के cost को optimize करता है।

(IV) Operation Subsystem :-




OSS Organization.

OSS operation के तीन area हैं —
(i) Network operation & Maintenance functions
(ii) Subscription management जिसमें charging एवं billing आते हैं।
(iii) Mobile equipment management.

Features of GSM:—

(i) GSM uses Gaussian minimum shift keying (GMSK).
(ii) GSM में Time division multiple access एवं frequency division multiple access का उपयोग होता है। FDMA 25MHZ bandwidth को 124 carrier frequencies में 200KHZ bandwidth में बाँट देता है। प्रत्येक BS को एक frequency assign की जाती है एवं प्रत्येक frequency को 8 time slot में TDMA scheme के तहत बाँट किया जाता है।

(iii) GSM में bit rate 270 KbPS होता है।

(iii) uplink frequency = 933 - 960 MHZ
downlink frequency = 890 - 915 MHZ

(iii) GSM में channel spacing 200KHZ होता है।

(iv) Speech coding के लिए GSM linear predictive coding (LPC) का उपयोग करता है।

(v)

GSM offer 3 basic Services :-

(i) Telephony services.
(ii) Data Services → data provides.
(iii) Supplementary Services.

(i)




(iii) Supplementary Services :-

(a) Conferencing :- एक से ज्यादा लोगों से एक समय में बात कर सकते हैं।

(b) Call waiting :- बात करने के दौरान यदि दूसरा call आने पर Subscriber को notify करना।

(c) Call Hold :- इस Service की मदद से Subscriber incoming signal को hold पर रख सकता है।

(d) Call Forwarding :- इस Service के द्वारा किसी Call को अन्य number पर भेज सकते हैं, जिससे की Call lost न हो सके।

(e) Call Barring :- कुछ प्रकार के incoming Calls को रोकने में उपयोग किया जाता है।

~~CDMA :- Code division multiple Access :~~




GSM frame / slot Structure

- Setting up a GSM call :—




- किसी Signal को transmit or receiver करने के लिए mobile को ON होना जरूरी है। power ON

होने के बाद mobile उस cell की frequency को ग्रहण करता है। इसके लिए MS, Frequency Correction Channel (FCCH) को ढूंढता है जिसे local BS broadcast करता है।

- FCCH message के साथ होगा Synchronization Channel SCH message रहता है जोकि BS को पहचानकर mobile को frame एवं time synchronise करता है।

- जैसे ही frequency एवं timing information synchronise हो जाते हैं तब mobile Broadcast control channel (BCCH) की मदद से किसी call को setup करता है। BCCH बहुत सारे information जैसे की cell configuration, किस network से वह जुड़ा है, access information, control channel information एवं अन्य information provide करता है।

- इन सभी information की मदद से mobile terminal एक call को start करने के लिए ready है। Mobile एक random access channel (RACH) की मदद से 5 bit का random number एवं 3-bit का purpose indicator भेजती है। Slotted Aloha random access protocol की मदद से sending एवं receiving acknowledgement को पूर्ण किया जाता है।

- यदि Access attemp successful होता है तो BS को RACH message के साथ Access grant Channel (AGCH) का acknowledgement receipt प्राप्त होता है। यह message 8-bit के request message की मदद से stand-alone channel (SDCCH) provide करता है।

यदि call setup approve हो जाता है तो BS, MS को SDCCH message की मदद से time slot traffic channel (TCH) को user करता है reply करता है।

Code division multiple Access (CDMA) :-

यह एक प्रकार का multiple access scheme है जिसे second generation system IS-95 में उपयोग किया गया था। CDMA system में बहुत सारे transmitter एक साथ information को communication channel में transmit करते हैं। CDMA system spread spectrum technology पर based होता है।

CDMA system में प्रत्येक user को एक code प्रदान किया जाता है। code को इस तरह चुनते हैं कि वे एक दूसरे के orthogonal हों।
माना की code i, l length के bits से मिलकर बना है। $\{x_{ik}\}$ where, $k = 1 \ldots l$ एवं $x_{ik} = \pm 1$

इन sequence of bit को l-element वाले vector $C_i$ से दर्शाया जाता है। Orthogonality का मतलब dot product, $C_i \cdot C_j = K \cdot x_{ik} x_{jk} = 0 \; \forall \; j \neq i$

इस प्रकार बहुत सारे users को different code assign होने पर वे एक साथ information को transmit कर सकते हैं। इसी प्रकार receiver भी dot product करके message को extract कर सकता है।

IS95 में OQPSK तथा QPSK modulation scheme का प्रयोग किया गया है।




(a) CDMA Transmitter




(b) CDMA Receiver

उपरोक्त CDMA transmitter में Pseudo-random generator प्रत्येक information bit stream में Pseudo-random sequence जिसे Chip कहते हैं, को multiply करता जाता है। इस multiplication के कारण binary information stream, noise sequence की तरह दिखने लगता है जिसके कारण CDMA को Spread Spectrum Communication भी कहते हैं।

इस Binary Sequence का Bandwidth $= \frac{1}{T_c}$

CDMA Receiver में received Signal को Same pseudo-random sequence से multiply करने पर original Signal प्राप्त होता है। Code की orthogonality के कारण same carrier frequency वाले Signal reject हो जाते हैं। CDMA की मदद से frequency reuse का उपयोग universally ~~pros~~ possible है। Mobile phone roaming के case में भी same user को दिए गये cell में same code दे सकते हैं जिससे की बार-बार handoff होने पर same user को अलग-अलग frequency assign नहीं करना पड़ेगा।

CDMA Architecture :—



